आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.07.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

नीट मामला

सर्वोच्च न्यायालय में कल 8 जुलाई को नीट–यूजी से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई होगी। इनमें नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग की याचिकाएं भी शामिल हैं। छात्रों ने अपनी याचिकाओं में नीट में कथित अनियमितताओं की एक अलग और स्वतंत्र जांच की मांग की है। बढ़ते नीट विवाद के बीच केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यांयालय में हलफनामा दाखिल किया है। इसमें कहा गया है कि परीक्षा में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के किसी भी सबूत के अभाव में नीट–यूजी 2024 को दोबारा आयोजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। केन्द्र ने ये भी तर्क दिया है कि नई परीक्षा से लाखों वास्तविक उम्मीदवारों के जीवन पर प्रतिकूल असर पडेगा।

उप–चुनाव

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर व नालागढ़ में होने वाले उपचुनाव के लिए अब तीन दिन शेष रह गए हैं। इन क्षेत्रों में खुलेआम चुनाव प्रचार का कल अंतिम दिन है। तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदान 10 जुलाई को होगा जबकि मतगणना 13 जुलाई को की जाएगी। उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार अंतिम चरण में है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही राजनीतिक दलों के नेता इन विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं व जनसंपर्क के माध्यम से लोगों से वोट मांग रहे हैं।

मुख्यमंत्री

इस बीच, मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज देहरा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार कमलेश ठाकुर के पक्ष में कई स्थानों पर जनसभाएं कीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने वर्तमान कार्यकाल में राज्य के संसाधनों की लूट बंद करने की दिशा में कई प्रयास किए हैं। इन्हीं प्रयासों के परिणाम स्वरूप एक वर्ष में ही 2 हज़ार 2 सौ करोड़ रूपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु की पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 15 सौ रूपए प्रदान कर रही है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह भी इस दौरान मौजूद रहे।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में पिछले 18 महीने में कांग्रेस का कार्यकाल अराजकता, अहंकार और अन्याय भरा रहा है। हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में आज जन संपर्क अभियान के दौरान उन्होंने कहा कि ये पहला चुनाव है जहां कोई सरकार बिना उपलब्धि के जनता के बीच जाकर वोट मांग रही है। अनुराग सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने मित्रों को लाभ पहुंचाने के अलावा इस कार्यकाल में कुछ नहीं किया है। उन्होंने ये भी

आरोप लगाया कि कांग्रेस ने केवल झूठी गारंटियों और झूठे वायदे कर प्रदेश की भोली–भाली जनता को ठगने का काम किया है।

<u>प्रतिभा सिंह</u>

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि तीनों विधानसभा उपचुनावों में कांग्रेस भारी बहुमत से जीत हासिल करने जा रही है। एक बयान में उन्होंने कहा कि हमीरपुर, देहरा व नालागढ़ के मतदाताओं का रूझान कांग्रेस के पक्ष में है और लोग प्रदेश में कांग्रेस सरकार को मज़बूत करने के लिए एकजुट हैं। प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस जनहित के लिए पूरी तरह समर्पित है जबकि भाजपा झूठी बयानबाज़ी कर लोगों को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रही है।

<u>बिंदल</u>

इधर, भाजपा ने कहा है कि 18 महीने के कार्यकाल में प्रदेश कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने केवल उन विधायकों को प्रताड़ित किया है जिन्होंने जनहित के मुद्दे उठाए हैं। उन्होंने कहा कि डेढ़ साल में 30 हज़ार करोड़ रूपए का कर्ज़ लेने के बावजूद सरकार ने विकास कार्य बंद कर दिए हैं और कई संस्थानों पर भी तालाबंदी की गई है।

<u>एग्ज़िट पोल</u>

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा है कि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के मद्देनज़र देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के दौरान 10 जुलाई शाम साढ़े 6 बजे तक एग्ज़िट पोल के आयोजन, प्रकाशन और प्रसारण पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले की अवधि के दौरान किसी भी चुनाव संबंधी सामग्री, ओपिनियन पोल के परिणाम और अन्य किसी भी प्रकार के सर्वेक्षण के प्रसार पर भी प्रतिबंध रहेगा।

<u>संचार सुविधा</u>

जनजातीय ज़िला लाहौल–स्पीति का दुर्गम क्षेत्र म्यार घाटी आज भी संचार सुविधा से वंचित है। बेहतर संचार सेवा न मिलने के कारण घाटी की तिंगरेट व चिमरेट पंचायतों के दर्जनों गांवों के लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार अधिकतर समय टावर बंद रहने और सर्दियों के दौरान होने वाली भारी बर्फबारी के कारण उन्हें ये असुविधा हो रही है। केलंग से हमारे संवाददाता के अनुसार इंटरनेट सेवा न होने के कारण ऑनलाइन कार्यों के लिए घाटी के लोगों को 30 किलोमीटर दूर उदयपुर का रूख करना पड़ रहा है। ऐसे में लोगों ने सरकार से घाटी में संचार सेवा को जल्द दुरूस्त करने सहित इंटरनेट सेवा आरम्भ करने का आग्रह किया है।